केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा कोल इंडिया लि. के अधिकारियों से आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी

2007. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने पिछले कुछ दिनों के दौरान कोल इंडिया लि. के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारियों के घरों से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है और कोयले के स्टाक में कमी पाई है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस. बी. न्यमगौड़ा) : (क) और (ख) केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा 8-9-92 से 10-9-92 तक की अवधि में भारत कोकिंग कोल लि. की कसुन्दा ओपनकास्ट परियोजना में कोयला के स्टाक की आकस्मिक जांच से प्राथमिक रूप से स्टाक में 6 लाख मी.टन कोयले की कमी पाई । महाप्रबंधक कासुन्दा क्षेत्र के और डिप्टी सी.एम.ई. के आवासों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दिनांक 28-9-92 को तलाशी ली गई थी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जिसमें इन अधिकारियों की पास बुक, स्वधिक जमा रसीदें, आदि को पकड़ा गया था ।

पूर्ववर्ती सोवियत संघ के सहयोग से शुरू की गई कोयला परियोजनाओं को पूरा किया जाना

2008. **डा. किनेन्द्र कुमार जैन** :
श्री वीरेन्द्र वे. शाह :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कई कोयला परियोजनाओं का निर्माण पूर्ववर्ती सोवियत संघ के सहयोग से करने का निश्चय किया गया था और ये परियोजनाएं आज भी निर्माणाधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं के नाम क्या-क्या हैं, और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने इनके निर्माण किस प्रकार का सहयोग देने का प्रस्ताव किया था;

(ग) क्या यह भी सच है कि सोवियत संघ के विघटन के बाद इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य अधूरा ही रह गया है;

(घ) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए किसी वैकल्पिक स्रोत का पता लगाने के लिए प्रयास किए गए हैं;

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं पर अक्तूबर, 1992 तक कुल कितनी धनराशि व्यय की गई थी; और

(च) इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अनुमानत: और कितनी धनराशि की जरूरत है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस. बी. न्यमगौड़ा) : (क) और (ख) निम्नलिखित चार मुख्य कोयला परियोजनाओं को भूतपूर्व सोवियत संघ की सहायता से कार्यान्वयन हेतु शुरू किया गया था :—

(1) सादिया ओ.का. (नार्दर्न कोल-फील्ड्स लि.)

(2) निगाही ओ.का. (नार्दर्न कोल-फील्ड्स लि.)

(3) झाजरा भूमिगत (ईस्टर्न कोल-फील्ड्स लि.)

(4) पाथरडीह वाशरी का आधुनिकीकरण (भारत कोकिंग कोल लि.)

उपर्युक्त परियोजनाएं, वर्तमान में, कार्यान्वयनाधीन हैं । भूतपूर्व सोवियत संघ द्वारा प्रस्तावित सहायता की प्रकृति मुख्यत: उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना के दौरान तकनीकी सहायता तथा उपकरण के कार्यचालन में सहायता प्रदान करने के रूप में थी ।

(ग) सोवियत संघ के विघटन से उपकरणों तथा अतिरिक्त कल-पुर्जों, जो कि सोवियत संघ द्वारा निर्मित किए गए थे, के बारे में कुछ अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई थी । हालांकि यह चालू परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा, चूंकि सम्बद्ध रूसी संगठनों के साथ बातचीत की गई है/चल रही है ।

(ङ) से (च) इन परियोजनाओं के कामकाज को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु निम्न अंतरिम कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं :—

(1) सोवियत संघ निर्मित उपकरणों में मुख्य पुर्जे जोड़ने/उप पुर्जे जोड़ने के स्थान पर स्वदेशी निर्मित पुर्जों को लगाने की योजना बनाई जा रही है ।

(2) जहां तक संभव हो अतिरिक्त पुर्जों का देश में ही निर्माण किया जाए ।

(3) निर्माताओं के साथ मुख्य अतिरिक्त पुर्जों की प्राप्ति हेतु सीधा संपर्क किया जाए और न कि इसे सोवियत रूस के व्यापार गृहों तक सीमित रखा जाए ।

(4) अन्य स्रोतों से इन परियोजनाओं के लिए भविष्य में उपकरणों को प्राप्त करने के लिए समानान्तर व्यवस्थाएं आवश्यकता अनुसार की जा रही हैं ।

अक्तूबर, 1992 तक इन संयंत्रों पर अब तक कुल खर्च की गई राशि और इसके आगे इन संयंत्रों के पूरा किए जाने के लिए आवश्यक अनुमानित राशि को नीचे दर्शाया गया है :—

(करोड़ रु० में)

परियोजना	अक्तूबर 1992 तक परियोजना पर खर्च की गई कुल राशि	परियोजना के पूरा किए जाने लिए आगे आमन्वित अनुमामानित राशि
1. खादिया ओ० का० नार्दर्न कोलफील्ड्स लि०	407.34	181.41
2. निघाई ओ० का० प० नार्दर्न कोलफील्ड्स लि०	331.36	131.03
3. झाजरा भू० ग० प० ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि०	196.94	428.06
4. पाथरडीह वाशरी का आधुनिकीकरण (भारत कोकिंग कोल लि०)	8.49	20.94

Profit Earned by Coal Sector

2009. SHRI AJIT P. K. JOGI :
CHOWDHRY HARI SINGH :

Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) what is the total profit earned by Coal Sector during 1991-92 Statewise; and

(b) the amount of royalty on coal paid to Madhya Pradesh and Bihar during 1991-92 ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA) : (a) The total profit earned by Coal India Limited (CIL) during 1991-92 was Rs. 167.07 crores. The Statewise accounts are not maintained. However,